# बिहार सरकार
## निर्वाचन विभाग
**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय**
**7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015**

दूरभाश संः– 0612–2217956
फैक्सः– 0612-2215611/2215978


## प्रेस–विज्ञप्ति

दिनांकः 18.05.2025
स्थानः वाल्मीकि नगर, पश्चिम चंपारण

निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने अपने चार दिवसीय बिहार दौरे के क्रम में आज वाल्मीकि नगर, पश्चिम चम्पारण में सशस्त्र सीमा बल (SSB), वन विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में विनोद सिंह गुंजियाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, सुरेश सुब्रमण्यम, उप महानिरीक्षक, SSB, दिनेश कुमार राय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण बगहा के पुलिस अधीक्षक, SSB की 21वीं, 44वीं, 47वीं और 65वीं वाहिनियों के कमांडेंट, पीयूष कुमार वर्णवाल, विकास अहलावत, अतीस कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अशोक प्रियदर्शी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कपिल शर्मा, राज्य मीडिया नोडल पदाधिकारी तथा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में सशस्त्र सीमा बल (SSB) द्वारा भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा एवं निगरानी संबंधी प्रयासों पर पावर प्वॉइंट प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात निर्वाचन आयुक्त डा. जोशी ने क्षेत्र की सामाजिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक संरचना पर चर्चा करते हुए सीमावर्ती मतदाताओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त रणनीति बनाने पर बल दिया।

डॉ. जोशी ने सशस्त्र सीमा बल (SSB) को निर्देशित किया कि वे जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय बढ़ाते हुए निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं, ताकि आगामी निर्वाचन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सहभागी बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि SSB के पास उपलब्ध अतिरिक्त मानव संसाधन का निर्वाचन कार्यों में समुचित उपयोग किया जा सकता है।

पिछले शांतिपूर्ण निर्वाचनों के लिए सराहना करते हुए डॉ. जोशी ने कहा कि वन विभाग, SSB, पुलिस और जिला प्रशासन के बीच समन्वय से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि हुई है, जिसका लाभ आगामी विधानसभा आम निर्वाचन में भी मिलेगा।

अपने दौरे के दौरान डॉ. जोशी ने थारू जनजातीय कलाकारों से भी मुलाकात की और उनकी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति की सराहना की।

**बूथ का निरीक्षण**

इसके पश्चात निर्वाचन आयुक्त ने वाल्मीकि नगर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय बगहा–2 स्थित मतदान केंद्र संख्या 14, 15, 16 एवं 17 का निरीक्षण किया और संबंधित मतदान केन्द्र पदाधिकारियों (BLO) से मतदाता सहभागिता एवं प्रशिक्षण अनुभवों पर चर्चा की। मतदान केंद्र पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिससे उनके कार्य में दक्षता और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

डॉ. जोशी ने मतदान केंद्र पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षण सत्रों में तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों, मतदान केंद्र पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का गहन प्रशिक्षण और सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को राज्य के मतदाताओं के लिए एक श्रेष्ठ अनुभव बनाने हेतु संकल्पित है, और इसी क्रम में चंपारण का यह दौरा किया गया है।

अंत में, डॉ. जोशी ने जिले में निर्वाचन तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिला का मतदान प्रतिशत राज्य औसत से बेहतर है, जिसे राष्ट्रीय औसत तक पहुँचाने के लिए जिला प्रशासन को रचनात्मक एवं प्रशासनिक पहलों को तत्परता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

वाल्मीकि नगर में बैठक के उपरांत निर्वाचन आयुक्त डॉ. जोशी ने कहा की चम्पारण का यह दौरा जमीनी स्तर पर निर्वाचन प्रक्रिया को समझने के लिए आवश्यक था जिसमें जिला प्रशासन ने सक्रिय रूप से सहयोग किया। आगामी निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों पर संतोष जताते हुए टीम बना कर श्रेष्ठ निर्वाचन प्रबंधन करने का निर्देश दिया।

वाल्मीकि नगर भ्रमण के उपरांत निर्वाचन आयुक्त डॉ. जोशी पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) के लिए रवाना हुए और कल वैशाली होते हुए पटना से नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

,,,,,,,,,,,